हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 धूमधाम से मना महावीर जन्मोत्सव रजत रथ...



12 पिपरहट्टा में धूमधाम से मनाई गई कर्मा जयंती






**सफल : हाल ही में 9 हार्डकोर माओवादियों ने हथियार सहित किया है आत्मसमर्पण**

# गरियाबंद से लाल आतंक का सूपड़ा साफ, 20 वर्षों के बाद लौटी शांति

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

कभी लाल आतंक का पर्याय रहा गरियाबंद जिला अब शांति और विकास की नई राह पर बढ़ता नजर आ रहा है। पुलिस के अनुसार जिले में सक्रिय सभी नक्सली संगठन पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं और शेष बचे माओवादी भी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। हालांकि, आधिकारिक रूप से नक्सल-मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया अभी शासन स्तर पर लंबित है। करीब दो दशकों तक माओवादी हिंसा, एंबुश और मुठभेड़ों से प्रभावित रहा यह जिला अब अघोषित रूप से नक्सल-मुक्त हो चुका है। पुलिस का दावा है कि जिले में सक्रिय सभी नक्सली या तो मारे जा चुके हैं या शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। हाल ही में 45 लाख रुपए के इनामी 9 हार्डकोर माओवादियों ने हथियारों सहित आत्मसमर्पण किया। इनमें 6 पुरुष और 3 महिला नक्सली शामिल हैं। सभी ने रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में एसडीके और सीनापाली क्षेत्रीय समितियों के सचिव, डिवीजनल समिति सदस्य और पार्टी सदस्य शामिल रहे। इनके द्वारा एके-47 और एसएलआर सहित 6 स्वचालित हथियार भी पुलिस को सौंपे गए। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने बताया कि सुरक्षा बलों के लगातार दबाव और शासन की प्रभावी पुनर्वास नीति के चलते जिले में सक्रिय माओवादी नेटवर्क पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिले को आधिकारिक रूप से नक्सल-मुक्त घोषित करना शासन का विषय है।

## अधिकारिक घोषणा का इंतजार



फाइल फोटो

## 2006 से शुरू हुआ था लाल आतंक का दौर

गरियाबंद में वर्ष 2006 में माओवादियों की आमद के साथ ही नक्सली गतिविधियां शुरू हुई थीं। उदंती-सीतानदी, नगरी, एसडीके और सीनापाली जैसी पांच क्षेत्रीय समितियां यहां सक्रिय थीं। लंबे समय तक चली हिंसा में कई जवान शहीद हुए और बड़ी संख्या में माओवादी मारे गए। वर्ष 2025 में भालूडीगी मुठभेड़ के बाद नक्सली संगठनों का विघटन तेज हुआ। नवंबर 2025 में उदंती समिति के आत्मसमर्पण के बाद शेष नक्सलियों ने भी हथियार डाल दिए। अब तक जिले में कुल 35 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

## आत्मसमर्पण नीति बनी बदलाव का आधार

शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत इनामी राशि, आवास, उपचार और रोजगार की सुविधाओं ने नक्सलियों को हिंसा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। जंगलों की कठिन परिस्थितियों और पहले आत्मसमर्पण कर चुके साथियों के सुरक्षित जीवन ने भी अन्य नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया।

## सबसे बड़ी घटनाः 2011 का एंबुश

वर्ष 2011 में हुए एंबुश विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश पवार सहित 9 जवानों की शहादत जिले की सबसे बड़ी नक्सली घटना रही। इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था।

## संयुक्त अभियानों ने तोड़ी कमर

जिला पुलिस, ई-30 टीम, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, विशेष कार्य बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन के संयुक्त अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

**संक्षिप्त आंकड़े (2012–2026)**

| | |
|---|---|
| आत्मसमर्पित माओवादी | 36 |
| मुठभेड़ में मारे गए नक्सली | 35 |
| जब्त हथियार | 74 |

## आत्मसमर्पण करने वाले प्रमुख नक्सलियों के नाम

आयतु बेको उर्फ कमलेश, सोनकू पड्डा उर्फ मुरली, शांति सलाम उर्फ मैना, बैजन्ती सलाम उर्फ क्रांति, लखमू मंडावी उर्फ मल्लेश, संजय उर्फ सराधु ध्रुवा, लक्ष्मी उर्फ श्यामबती, दिलीप उर्फ संतु राम, मंजुला उर्फ लक्ष्मी, सुनीता उर्फ जुनकी, दीपक उर्फ भीमा मंडावी, कैलाश, रणिता, सुजीता जानसी उर्फ मीना गावड़े, रामा उर्फ नागेश कवासी, जैनी उर्फ देवे, मडकम मनीला उर्फ सुंदरी, कवासी सुनील उर्फ जगतार सिंह, अरीना टेकाम उर्फ सुग्रो, विद्या मडियम उर्फ जमली, लुदरो उर्फ अनिल, कांती उर्फ मानवती, नंदनी उर्फ पोजे, पोडियम मलेश उर्फ भीमा, संतोष उर्फ लालू, मंजू उर्फ नंदे, अंजू उर्फ कविता, सरूपा, बलदेव उर्फ वमनवट्टी, मिरू उर्फ महादेव, सोनी उर्फ बुंदरी मुरिया, पार्वती उर्फ सुक्की, रत्ना उर्फ सोमड़ी, कुंजाम नविता उर्फ डांगी, मंडावी रंजीत उर्फ गोविंद। करीब 20 वर्षों तक नक्सल हिंसा झेलने के बाद अब गरियाबंद जिला शांति, सुरक्षा और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हालांकि, जिले को आधिकारिक रूप से नक्सल-मुक्त घोषित किए जाने का इंतजार अभी बाकी है।

**वर्षवार मारे गए नक्सलियों का विवरण**

| | |
|---|---|
| 2011 | 1 |
| 2012 | 3 |
| 2018 | 1 |
| 2023 | 1 |
| 2024 | 2 |
| 2025 | 28 |
| कुल | 35 |

## खबर संक्षेप



### इसनैन रजा बने सब इंस्पेक्टर

**नवापारा-राजिम।** शहर के होनहार युवा इसनैन रजा के पुलिस सब इंस्पेक्टर में चयनित होकर गृह नगर नवापारा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सामुदायिक भवन में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, अजय तिवारी सहित समाज के अन्य सदस्यों ने इसनैन रजा का पुष्पमाला पहनाकर पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा ने कहा कि इसनैन रजा की यह उपलब्धि पूरे नवापारा शहर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने परिश्रम एवं लगन से यह मुकाम हासिल किया है। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश देते हुए कहा कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। इसनैन रजा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे आगे भी समाज एवं देश की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे। समारोह में उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### विधायक साहू का आगामी जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित

**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू आगामी कुछ दिनों के लिए दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक में सम्मिलित होने के लिए वे दिल्ली रवाना हुए। विधायक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में होने वाली इस उच्च स्तरीय बैठक में पार्टी की आगामी रणनीतियों पर चर्चा होनी है। इस महत्वपूर्ण राजनीतिक और सांगठनिक व्यस्तता के चलते राजिम में उनके निवास कार्यालय में आयोजित होने वाला नियमित जनदर्शन कार्यक्रम आगामी दिनों के लिए स्थगित किया गया है। विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली प्रवास से लौटने के तुरंत पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम अपनी पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पुनः प्रारंभ किया जाएगा।



# युवक ने पानी टंकी पर फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले से एक सनसनी खेज दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने रात में घर से बाहर निकला और पानी की टंकी पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसकी जानकारी लगते ही आज सुबह भारी भीड़ मौके पर जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार मामला थाना देवभोग के खुटगांव का है जहां एक युवक ने पानी टंकी के ऊपर फांसी पर लटका मिला घटना बीती रात 12 बजे के आस पास की बताई जा रही है युवक की उम्र 18 वर्ष है नाम धनीराम यादव बताया जा रहा है देवभोग पुलिस शव को कब्जे में लेकर विवेचना कर रही है। इस घटना के बाद पूरे इलाके मे सनसनी फैल गई खासकर युवक ▶▶|शेष पेज 10 पर

## छतरपुर बांध में तैरती मिली बुजुर्ग की लाश



**रसेला।** छतरपुर, सेम्हरा बांध में एक ग्रामीण की नग्न अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शव तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला छुरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह बांध में ग्रामीणों ने एक शव तैराते हुए देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्वच्छता कर्मियों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि शुरुआती दौर में पहचान करना मुश्किल हो रहा था, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों की पुष्टि के बाद मृतक की शिनाख्त सेंदबाहरा निवासी निर्मल गोड (63 वर्ष) के रूप में की गई। शव पानी में डूबा हुआ नग्न अवस्था में था। शुरूआती जांच में शव करीब तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। बांध से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण परिजन शव के पास तक नहीं जा पा रहे थे। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल हर एंगल से मामले की जांच जारी है।

# 9 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान "नया सवेरा" के तहत गरियाबंद पुलिस को एक और सफलता मिली है। थाना पाण्डुका पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पाण्डुका पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पाण्डुका नहर पार के पास एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी रहमुद्दीन कुरैशी (37 वर्ष), निवासी ▶▶|शेष पेज 10 पर

# कमार परिवार झरिया का गंदा पानी पीने को मजबूर



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम मुख्यमंत्री गोद ग्राम केडीआमा रमनपुर में रहने वाले कमार परिवार इन दिनों भीषण गर्मी के बीच गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। स्थिति यह है कि परिवारों को मजबूर होकर झरिया (प्राकृतिक स्रोत) का पानी पीना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम भरा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पेयजल व्यवस्था के लिए स्थापित सौर ऊर्जा आधारित बोरवेल पूरी तरह से खराब हो चुका है और बोरवेल में पानी भी नहीं है। इस समस्या की जानकारी कनेसर के सरपंच श्री योगेश ध्रुव द्वारा क्षेत्रीय जनपद सदस्य के माध्यम से पीएचई विभाग को दी जा चुकी है। बताया जा रहा है कि पिछले लगभग दो महीनों से विभाग द्वारा गाड़ी खराब है का हवाला देकर समस्या के समाधान में देरी की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरपंच श्री योगेश ध्रुव का कहना है कि यदि विभाग और शासन द्वारा इसी प्रकार आदिवासी परिवारों की समस्याओं की अनदेखी की जाती रही, तो आने वाले समय में उन्हें ग्रामीणों के आंदोलन का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द केडीआमा के कमार परिवारों के लिए नए बोरवेल या वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।






**ग्राम सरगोड़ में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा की जयंती**

# माता कर्मा संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा पुंज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सरगोड में विगत दिनो भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-पुनरुद्धार से हुई।इसके बाद गाजे-बाजे और भजन-कीर्तन के साथ भव्य ग्राम का भ्रमण किया गया। लोकमान्यता के अनुसार, माता कर्मा ने भगवान कृष्ण को अपनी मटुकिया से खिचड़ी का भोग लगाया था, जिसे स्वयं जगन्नाथ स्वामी ने स्वीकार किया था।इसी परंपरा को जीवंत रखते हुए खिचड़ी प्रसाद बनाया गया था जिसे श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।कार्यक्रम में उद्बोधन के दौरान जामगांव परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष दोहन राम साहू ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और संयुक्त समाज के निर्माण पर जोर ▶▶|शेष पेज 10 पर

## ये रहे उपस्थित

इस भव्य आयोजन में श्रीमती नंदिनी कोमल ढीढी (सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद) और जनपद सदस्य फिंगेश्वर ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. गंगाराम साहू (संरक्षक), नेतराम साहू (कोषाध्यक्ष),कृष्णा कुमार साहू (सचिव), कुंजन साहू (संरक्षक), मनोहर साहू (संरक्षक) और दिलेश्वर साहू (सह सचिव) शामिल थे।आयोजन की सफलता में अशोक साहू पूर्व कोषाध्यक्ष, साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव की अति–महत्वपूर्ण भूमिका रही,जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में विशेष योगदान दिया।मंच का अत्यंत सफल और प्रभावशाली संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नीलम कुमार साहू ने किया, जिन्होंने अपनी मर्मस्पर्शी वाणी से कार्यक्रम के अंत तक उत्साह बनाए रखा।अंत में दिलेश्वर साहू (सह सचिव) ने उपस्थित सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और विप्रजनों के प्रति हृदय से आभार प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चौपाल लगाकर सिखाया सुरक्षा का पाठ



**कोपरा।** मंगलवार कों ग्राम पंचायत जेंजरा में पुलिस प्रशासन राजिम थाना स्टाफ द्वारा गांधी चौक में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, नशापान करके वाहन न चलाने तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी विस्तार से दी गई। कार्यक्रम में बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए पुलिस प्रशासन गरियाबंद द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई, जिससे युवाओं को मार्गदर्शन मिल सके। साथ ही पुलिस और जनता के बीच सहयोग की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि वे गांव में होने वाली असामाजिक गतिविधियों की जानकारी बिना किसी डर के पुलिस प्रशासन तक पहुंचाएं, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे इस दौरान सरपंच बोधन राम यादव, उपसरपंच प्रमोद कुमार साहू, मंडी अध्यक्ष महेश साहू, पुलिस स्टाप जीवन लाल साहू साहयक उप निरिक्षक और जवान उपस्थित रहे।

### दुकान में दो लोगों से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** चाय दुकान में दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कुम्हारपारा निवासी कमलेश चंद्राकर ने बताया कि 30 मार्च को वह अपने दोस्त तेजेंद्र सिंह परिहार के साथ बीटीआई रोड स्थित चाय दुकान पहुंचा। मेरा दोस्त तेंजेंद्र चाय के साथ सिगरेट भी पी रहा था, चाय सेंटर dअंदर अन्य लोग भी सिगरेट पी रहे थे, तभी आयुष अपने साथी के साथ चाय सेंटर में आया और तेजेंद्र को बोला कि मुझे सिगरेट के धुंए से एलर्जी है, यहां मत पियो, तब तेजेंद्र ने कहा कि यहां मेरे अलावा अन्य लोग भी सिगरेट पी रहे हैं, तुम्हे एलर्जी है तो बाहर चले जाओ। इतने में आयुष यादव उसके दोस्त तेजेंद्र को गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया तब उसके साथ भी मारपीट किया। तभी आरोपी के अन्य साथियों ने भी मारपीट की। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पतेरापाली स्थित पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 16 नग मुर्गी बरामद की गई है।



पुलिस ने बताया कि 29 मार्च को प्रार्थी बसंत चंद्राकर पिता स्व. राजाराम चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पतेरापाली नहर डायर्सन के पास स्थित उसके मुर्गी फार्म में लगे सीसीटीवी फुटेज से देखने पर आनंद राय नामक व्यक्ति 35 नग मुर्गी कीमत करीबन 3500 रुपए को चोरी कर ले गया। जिस पर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन की गई। विवेचना के दौरान आरोपी आनंद राय को घर में दबिश देकर उसे अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी नोहर सिंह राजपूत के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 16 नग मुर्गी कीमत 1600 रुपए, घटना में प्रयुक्त दो पुरानी हीरो सायकल को जब्त किया। महासमुंद पुलिस की आम जनता से यह अपील है कि, वे अपने घरों व दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं, जो संपत्ति की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीसीटीवी कैमरा न केवल अपराधियों में डर पैदा करता है बल्कि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने और आरोपियों तक पहुंचने में ठोस सबूत भी प्रदान करता है।

**विरोध : ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर दी आंदोलन की चेतावनी**

# टाइगर रिजर्व में बिना अनुमति तोड़ा रपटा, पुल निर्माण अधर में लटका

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर**

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र से एक चौकाने वाली खबर निकलकर सामने आई है उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे ग्राम अमाड़ व आसपास के ग्रामों में पहुंचने के लिए पट्टाबाहरा नदी मे वन विभाग द्वारा रपटा का निर्माण किया गया था इस रपटा को बगैर अनुमति के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के ठेकेदार द्वारा तोड़ दिया गया और वन विभाग से बगैर अनुमति लिए पुल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा था लेकिन टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण अनुमति लेना अनिवार्य होता है इसलिए पुल निर्माण कार्य को बगैर किये ठेकेदार द्वारा वहां से अपना रखे गिट्टी सीमेंट व अन्य सामाग्री को जब वापस ले जाने लगा तो इसकी जानकारी ग्रामीणो को हुई ग्रामीणो ने भारी नराजगी जताते हुए सोमवार को मैनपुर पहुंचकर एसडीएम कार्यालय मे ज्ञापन सौपा और आज गरियाबंद कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जिम्मेदार अफसरो और ठेकेदार पर कार्यवाही करने की मांग किया है। ग्रामीणो ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा बगैर अनुमति के नदी मे निर्माण किये गये रपटा को तोड़ दिया गया और पुल निर्माण कार्य भी अधुरा छोड़ दिया गया जिससे ग्रामीणो मे भारी आक्रोश है।



#### अनुमति लेना अनिवार्य


उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि नदी में निर्माण किए गए रपटा को पहले तोड़ दिया गया और बगैर अनुमति के कार्य प्रारंभ किया। यिमानुसार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कार्य करने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

#### मरीज और बच्चों की बढ़ी मुश्किलें

विकासखण्ड मैनपुर ग्राम पंचायत अमाड़ में पुल निर्माण कार्य ठप होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा पुलिया निर्माण के लिए पुराने रपटा को तोड़ दिया गया, लेकिन फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण अब काम बीच में ही रुक गया है। नाराज ग्रामीण इसकी शिकायत करने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे, जहां उन्होंने अब तोड़ दिए गए रपटे को पुनः बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई है। मामला नेशनल हाइवे 130 सी स्थित जुगाड से अमाड पहुंच मार्ग पर पट्टाबहाल नाला पर बन रही पुलिया का है, जहां दिसंबर माह में निर्माण कार्य शुरू किया गया था। पुल निर्माण के लिए पुराने रपटा को तोड़ दिया गया, लेकिन फॉरेस्ट विभाग की अनुमति नहीं मिलने से काम अधूरा छोड़ दिया गया। अब ग्रामीणों को कच्चे और अस्थायी रास्ते से परेशानियों का सामना कर आवागमन करना पड़ रहा है, जो बारिश के दौरान खतरनाक साबित हो सकता है। अमाड़, देवझर अमली और कुमकोट गांव के ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण रुकने से खासकर मरीज, गर्भवती महिलाएं और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### ग्रामीणों का अल्टीमेटम

ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने और अस्थायी रास्ते को सुरक्षित बनाने की



मांग की है। साथ ही 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। मामले में कलेक्टर ने तत्काल संबंधित विभाग को उक्त तोड़े गए रपटे की जल्द ही रिपेयरिंग करने निर्देशित किया है। पूर्व सरपंच पुस्तम सिंह मांझी, वरिष्ठ नागरिक नरहरी सोरी ने बताया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ठेकेदार व जिम्मेदार अफसरो पर कार्यवाही किया जाये पुल निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जाये नही तो हम आंदोलन करने मजबुर होंगे।

### आंधी से गिरे पेड़ को ग्रामीणों ने हटाया...



**मैनपुर।** जोबा दशपुर मुख्यमार्ग मे आंधी तूफान से रात मे पेड़ गिर गया। मंगलवार को सरपंच नरेन्द्र ध्रुव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पेड़ को हटाकर आवागमन सुचारू किया।

## दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष पिता-पुत्र समेत कई घायल

**अभनपुर।** ग्राम बेलर में बीते सोमवार की रात करीब 8 बजे दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर मारपीट की घटना सामने आई है। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले पक्ष के प्रार्थी जितेन्द्र निर्मलकर के अनुसार, गांव के हिरामन यदु, राहुल रिगरी, गंगाधर साहू और खिलेन्द्र यादव उनके घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाकर बाहर बुलाया। बाहर आने पर सभी ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उनके पिता घनाराम निर्मलकर के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। इस घटना में जितेन्द्र को कान, कमर और सीने में चोट आई, जबकि उनके पिता के सिर में चोट लगी। वहीं दूसरे पक्ष के प्रार्थी हिरामन यदु ने अपनी शिकायत में बताया कि घटना के समय वे नया बाजार चौक में अपने साथियों के साथ थे। इसी दौरान जितेन्द्र निर्मलकर वहां पहुंचे और बिना वजह गाली-गलौच करने लगे। मना करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए पास पड़ी ईंट उठाकर उनके कान पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अभनपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम : विधायक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम**

परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद व ग्रामीण साहू समाज बजरंगपुर के संयुक्त तत्वावधान में भक्तमाता कर्मा जयंती, भूमिपूजन एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत परिक्षेत्र अध्यक्ष पारसमणी साहू, भीखम साहू सरपंच प्रतिनिधि व समस्त ग्रामीण अध्यक्षों के द्वारा कर्मा माता की आरती व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। लगातार चार दिनों से कर्मा रथ परिक्षेत्र अंतर्गत सभी गांवों में भ्रमण करते हुए आज बजरंगपुर में गली भ्रमण और कलश यात्रा के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू शामिल हुए। अध्यक्षता पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि खेलुराम साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, तुलेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, ब्रम्हानंद साहू, सभापति जनपद पंचायत, कुंती-लखन साहू सदस्य जनपद पंचायत, दुलेश्वरी-भीखम साहू सरपंच मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया तथा समाज के प्रतिभावान 24 विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।





**भक्तमाता कर्मा संस्कारों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देती है-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि भक्तमाता कर्मा की जयंती हमें समाज में एकता, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देती है। कर्मा रथ के द्वारा लोगों मे जन जागरण एवं समाज में हमारे आराध्य देवी की लोगों आस्था व विश्वास का भाव जागृत होना तथा उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है, इसलिए प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने समाज के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। साथ ही साथ राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में भी जानकारी देते हुए परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के भवन निर्माण हेतु 15 लाख रुपए की घोषणा भी किए।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच का आयोजन था जिसका आनंद लोगों ने लिया। समाज के कुछ लोगों ने कर्मा माता मंदिर निर्माण के लिए स्वेच्छा से दान राशि की भी घोषणा किए। संचालन शिव साहू व आभार पारसमणी साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान नेता चंद्रिका साहू, हेमंत साहू उपाध्यक्ष, भूमिका साहू उपाध्यक्ष, शिव साहू ,भोज देवी ,किशन साहू ,प्रवीण साहू, डागेश्वर साहू, देवक साहू, सूरज साहू, गोपाल साहू, रामजी साहू, देवा साहू, जोगी साहू, किसन साहू, संतोष साहू, ओमनारायण साहू,उमेश साहू, डीहु राम तिजऊ राम , हीरा साहू, चेतन साहू, द्विज साहू, थनेन्द्र साहू, कुंती साहू, बिमला साहू, सावित्री साहू, मोहन मानिकपन, अर्जुन साहू, बीरबल साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## भीषण गर्मी में भी लबालब भरी महानदी



**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम**

राजिम महानदी में पहली बार ग्रीष्मकाल में लबालब पानी भरा हुआ है जहां हजारो की संख्या में लोग रोज डुबकी लगा रहे है। ये निर्मल जल स्वाभाविक रूप से लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। जल का स्तर इतना अधिक और निर्मल है कि यह दृश्य किसी समुद्र जैसा प्रतीत हो रहा है। दूर-दूर से पहुंचने वाले श्रद्धालु और पर्यटक इस अलौकिक नजारे को देखकर खासे उत्साहित और हर्षित नजर आ रहे हैं। सुबह से लेकर दोपहर तक यहां लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। कई लोग पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाकर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं, तो कुछ लोग इस प्राकृतिक सौंदर्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आ रहे हैं। चारों ओर का वातावरण शांत, स्वच्छ और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का लबालब और स्वच्छ जल बहुत कम देखने को मिलता है। जलधारा की कल-कल करती आवाज और उसके विस्तृत फैलाव ने पूरे क्षेत्र को जीवंत और आकर्षक बना दिया है। राजिम शहर एक बार फिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आस्था के संगम के लिए चर्चा में है।

### लोक निर्माण विभाग के नए भवन को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के विशेष प्रयासों से राजिम में लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के नवीन भवन निर्माण हेतु 61 लाख 79 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि राजिम में विभागीय कामकाज के लिए एक सर्वसुविधायुक्त



कार्यालय की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक रोहित साहू ने जनहित और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता देते हुए इस प्रस्ताव को वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में शामिल कराया था। शासन स्तर पर निरंतर पहल के बाद अब इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के लिए बजट आबंटित कर दिया गया है। वर्तमान में उपयुक्त भवन के अभाव में विभागीय कार्यों के संचालन में कई तकनीकी और व्यवहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। नया भवन बनने से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य करने के लिए व्यवस्थित जगह मिलेगी तथा कार्यालय के व्यवस्थित होने से क्षेत्र के निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग और फाइलों का निपटारा तेजी से हो सकेगा। इसके अलावा स्थानीय ठेकेदारों और आम नागरिकों को विभागीय कार्यों के सिलसिले में अब बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए प्रशासनिक ढांचे का मजबूत होना आवश्यक है। लोक निर्माण विभाग कार्यालय के इस नए भवन से अधिकारी कर्मचारियों को कार्य करने की सुविधा होगी तथा उचित मॉनिटरिंग से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गति भी बढ़ेगी। निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद स्थानीय कार्यकताअरं और क्षेत्रवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### वॉटर कूलर का लोकार्पण



नवापारा-राजिम। भगवान महावीर जयंती के अवसर पर नगर पालिका भवन के पास जैन समाज द्वारा वॉटर कूलर जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने पूजा कर लोकार्पित किया।

**सालासर समिति करेगी भव्य महाप्रसादी का आयोजन**

## हनुमान जन्मोत्सव पर आज मंदिरों में गूंजेगा चालीसा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम**

नगर में कल गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान जयंती प्राकट्य उत्सव के अवसर पर व्यापक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिल रहा है। इस पावन पर्व को लेकर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष तैयारियाँ जोरों पर हैं। पूरे शहर में केसरिया ध्वज, तोरण-पताकाएँ और धार्मिक सजावट होने लगी है, जिससे वातावरण पूरी तरह हनुमानमय नजर आ रहा है। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है और भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएँ भी की गई हैं। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ एवं रामायण पाठ के आयोजन की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रीराधाकृष्ण मंदिर सहित प्रमुख चौक-चौराहो के श्री हनुमान मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएँ इस अवसर पर सेवा कार्यों में जुटी हुई हैं। नगरवासियों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। हर वर्ग के लोग



इस आयोजन में भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट करेंगे। कुल मिलाकर हनुमान प्राकट्य उत्सव के अवसर पर शहर में भक्तिभाव, उल्लास और आध्यात्मिकता का अदभुत संगम देखने को मिलेगा।

**सालासर समिति धूमधाम से मनाएगा जन्मोत्सव-** सामाजिक, जनकल्याणकारी, धार्मिक संस्था सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा 2 अप्रैल गुरुवार को राधाकृष्ण मंदिर में श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जावेगा। समिति के संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, तारणी शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम श्री हनुमान जी महाराज का दूध, दही, पंचामृत, गंगाजल से अभिषेक किया जावेगा, नए वस्त्र एवम ध्वजा अर्पित की जावेगी, सिंदूर का चोला चढ़ाकर धूप दीप से पूजन एवम भोग प्रसाद लगाया जावेगा, विशेष श्रृंगार किया जावेगा। इस पूजा में मोहन निषाद गीता निषाद बैठेंगे। मंत्रोच्चारण पंडित संतोष मिश्रा करेंगे। मंदिर को फ्लेक्स, फूलमाला, बंदनवार, झंडे, गुब्बारे से सजाया जावेगा। प्रातः 8 बजे से समिति द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा पाठ भजनों का कार्यक्रम होगा, राधाकृष्ण मंदिर के वृन्दावन हाल में सालासर बालाजी का दरबार लगाया जावेगा, ओर यही पर भक्तों के लिए महाप्रसादी रखी गई है।

पेज 9 के शेष...

### युवक ने पानी...

के सोशल मिडिया पर डाले गये आखिरी स्टेटस को लेकर सस्पेंस गहरा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान धनीराम यादव के रूप में हुई है बताया जा रहा है कि धनीराम सोमवार की रात करीब 12 बजे अपने घर से निकला था परिजनों को लगा कि वह शायद कहीं आसपास गया होगा लेकिन सुबह जब गांव वालों की नजर पानी टंकी पर पड़ी तो वहां धनीराम का शव फंदे से लटकता मिला इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ इंस्टाग्राम स्टेटस है सुसाइड करने से ठीक पहले धनीराम ने सोशल मीडिया पर एक स्टेटस अपडेट किया था ग्रामीण और पुलिस अब उस स्टेटस के पीछे छिपे संदेश को समझने की कोशिश कर रहे हैं देवभोग पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इंस्टाग्राम स्टेटस और युवक के मोबाइल की जांच की जा रही है ताकि आत्महत्या के ठोस कारणों का पता चल सके फिलहाल गांव में मातम का माहौल है।

### 9 लीटर शराब ...

भोथीडीह, थाना मगरलोड, जिला धमतरी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 9 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 5,200 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपी के पास से अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त ग्रे-ब्लैक रंग की बिना नंबर प्लेट की स्कूटी (टीवीएस जूपिटर) भी जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 40,000 रुपये बताई गई है। इस तरह कुल जब्ती 45,200 रुपये की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशे के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### माता कर्मा संपूर्ण...

दिया। इसके साथ ही समाज को एकजुट कर कुरीतियों को समाप्त करने का आग्रह किया।

**कुरीतियों को दूर करने और संयुक्त समाज के निर्माण पर दें जोर-** माता कर्मा केवल एक समाज की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा पुंज हैं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं वर्तमान संरक्षक,साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के भुनेश्वर साहू ने अपने ओजस्वी और तेजतर्रार भाषण से उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। उन्होंने माता कर्मा के संघर्षमयी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा केवल एक समाज की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा पुंज हैं। उन्होंने सामाजिक समरसता, शिक्षा और संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया। उनके ओजस्वी विचारों और धारदार वक्तव्य पर पंडाल देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

## खबर संक्षेप



### हितग्राही अमित जैन को मिली भवन अनुज्ञा

**राजिम।** शहर के वार्ड नं 8 के रहने वाले हितग्राही अमित जैन को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभापति आकाशसिंह राजपूत, नगर पालिका के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव, भाजपा कार्यकर्ता मयंक तम्बोली मौजूद थे। सभापति श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी पहल प्रधानमंत्री आवास योजना देश के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में अहम भूमिका निभा रही है और निश्चित रूप से देश को विकास के उच्च शिखर की ओर ले जाएगी। सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है, ताकि हर पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिल सके।

### मरार समाज नर्राराज की बैठक आज

**नर्रा।** मरार समाज नर्राराज कार्यकारिणी की बैठक ग्राम नर्रा के समाजिक भवन में 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः 10 बजे से रखा गया है। जिसमें समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद सेवा समर्पित पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर किया जाएगा। बैठक में खल्लारी राज के समाज पदाधिकारी भी सम्मिलत होंगे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने जानकारी दी है और समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### गायत्री शक्ति पीठ खैरा में हुआ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**महासमुंद।** गायत्री शक्ति पीठ सितली नाला खैरा में दो दिवसीय 29 एवं 30 मार्च को मंगल कलश यात्रा के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के प्रज्ञा पीठ एवं शक्ति पीठ पाली, खट्टी, बेमचा, मोंगरा आदि स्थानों से गायत्री परिजन आकर गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित हुए। साथ ही मुख्य गेट का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रभात उपाध्याय महाराज द्वारा संगीत में प्रस्तुति एवं दृष्टा ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा के संदेश को जन जन तक सरोकार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राकेश चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, धनीराम साहू, नीतू साहू, चंद्रकला साहू, छन्नूलाल साहू, नवीन शर्मा, गुलाल पटेल, राजेंद्र साहू, श्याम दुबे, नरेंद्र नायक, चुन्नीलाल साहू, रामचरण पटेल, उदय राम साहू, लक्ष्मी साहू, रविकांत चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## जयंती : जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शाम को अहिंसा वाहक रैली निकाली गई

# धूमधाम से मना महावीर जन्मोत्सव रजत रथ पर निकले त्रिलोकी नाथ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अहिंसा के अवतार, त्रिलोकी नाथ भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव सकल जैन समाज द्वारा भक्ति भाव से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। पंच दिवसीय महोत्सव के पांचवे दिवस प्रातः श्वेताम्बर जैन मंदिर में प्रभु का पक्षाल, अभिषेक एवं स्नात्र पूजन का आयोजन किया गया प्रातः से धर्मवलाम्बियो का जिनालय आगमन प्रारंभ हो गया था। प्रायः 4 बजे स्थानीय श्वेताम्बर जैन गांधी चौक से प्रारंभ हुई। बरगोड़े में सर्वप्रथम इन्द्रध्वजा का रथ, मार्ग शुद्धि स्वरूप जल की अनवरत धारा प्रवाहमान थी। श्रीसंघ के सुश्रावक अशोक गोलछा टाटा वाले ने अनुकरणीय काम लिया। बरगोड़े में भव्य रजत रथ में श्री जी की प्रतिमा और उसके पीछे प्रभुभक्ति एवं जय जयकारों से आसमान को गुंजित करता आ सकल जैन समाज के युवा वर्ग सभी के प्रभूभक्ति से जोड़ रहा था। सकल जैन समाज के श्रावक श्राविका, बालगोपाल सभी की उपस्थिति प्रशंसनीय थी। मेघराजा एवं ईन्द्र देवता भी मेहरबान थे जिन्होंने प्रभु के अभिषेक एवं वातावरण को शीतल बनाने में मानो सहयोग दिया। पूरी शोभायात्रा में मुख्य मार्गो पर रंगोली की अनुपम छटा बिखरी थी। साधार्मिक बंधुओ ने अपने अपने निवास के सामने प्रभु के रजत रथ पहुंचने पर अक्षत श्रीफल से बघाया एवं दीप प्रज्वलित कर आरती उतारकर प्रभु की वंदना की।

**ध्वजारोहण और स्वामी वात्सल्य-** शोभायात्रा के भगवान महावीर चौक पहुंचने के उपरांत जैन समाज अध्यक्ष शिखर बाफना व अखिलेश जैन ने ध्वजारोहण किया व ध्वजगीत का प्रसारण हुआ। नगर भ्रमण के पश्चात बरगोडे का समापन स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर गांधी चौक में हुआ। दोपहर 12 बजे से सकल जैन समाज का स्वामी वात्सल्य मानतारा भवन में श्वेताम्बर जैन श्री के द्वारा एवं जैनम परिवार के संयोजन में हुआ। इस वर्ष स्वामी वात्सल्य के लिए संरक्षको के अलावा सुजानमल, सुशील पारख, विजय बाफना का सहयोग रहा। पूरे स्वामी वात्सल्य में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का स्व. लीलादेवी अशोक झाबक की स्मृति में राजेन्द्र अनु झाबक ने लिया। सकल समाज के युवा कार्यकर्ता, सभी मंडलो, महिला मंडलों के साथ विशेष रूप से जे-पी. एल परिवार ने भी शोभायात्रा एवं स्वामी वात्सल्य में निस्वार्थ सेवा प्रदान की। संघ प्रमुख शिखर बाफना ने सभी की अनुमोदना करते हुए भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव में ज्ञात अज्ञात सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। वीर कल्याणक जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रभु वीर के संदेशो को जन जन तक पहुंचाने के लिए अहिंसा बाहक रैली का आयोजन संध्या 4 बजे महावीर चौक से किया गया है। संध्या श्वेताम्बर जैन गांधी चौक और में महाआरती एवं दिगम्बर जैन मंदिर में पालना झूलाना तथा नसिया जी में गायक हर्षित जैन (भोपाल) एंड टीम द्वारा प्रभु भक्ति एव सेवा बहुमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### नगर पालिका और विभिन्न संस्थाओं ने किया स्वागत



दिगम्बर जैन मंदिर के समीप पहुंचने पर दिगम्बर जैन पंचायत के समस्त पदाधिकारी गण सर्व वरिष्ठ जनों ने शोभायात्रा की अगुवानी करते हुए प्रभु को बधाया। दिगम्बर जैन पंचायत के पांच वीर सिपाही हाथ में पंचरंगी ध्वजा लिए मानो रथयात्रा में धर्म की रक्षा के लिए रजत रथ के आगे आगे सीना तान कर चल रहे थे। इस रथ यात्रा में सांखला परिवार, जिनेन्द्र जैन परिवार, समता बहु मंडल, संत निरंकारी मंडल, सालासर सुंदरकांड समिति, सराफा एसोसियशन, पूज्य सिंध पंचायत एवं विभिन्न संगठनो के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने वीर जन्म कल्याणक शोभायात्रा का स्वागत किया गया एवं शुद्ध पेय पदार्थ की व्यवस्था रखी गई। इस मंगल प्रसंग पर सकल जैन समाज द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## आज मनेगी चैतराई जात्रा, पुरानी परंपराओं को संजोए हैं ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में आज1अप्रैल को चैतराई जात्रा धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन गांव के सभी देवी-देवताओं की विधा विधान से गांव के बैगा द्वारा पुजा अर्चना कर गांव की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। इस दिन किसानों ने बैगा से दोना में धान लेकर खरीब फसल बुआई के समय बीज में मिलाकर उसी धान को खेत में छिड़काव करते हैं। इस दिन सारा कामकाज पूर्ण तरह बंद रखते हैं। जिस तरह खरीफ फसल पूरी तरह कटाई, लुआई कर खलिहान में आने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में गांव बनाई जात्रा का कार्यक्रम किया जाता है। इसी तरह चैत्र माह के पूर्णिमा के दिन या पूर्णिमा के पहले इस जात्रा को बैसाख माह लगने के पहले मनाया जाता है। इस दिन सभी ग्रामवासी मां शीतला मंदिर में इकट्ठा होकर और सालभर गांव संबंधी खर्च का लेखा जोखा आय व्यय पढ़कर सुनाया जाता है। साथ ही साथ शीतला मंदिर में पहुंचे हुए सभी लोगों बैगा से दोना में धान घर लाने की परंपरा चली आ रही है। इसी धान को जब किसान खरीब फसल की बुआई शुभारंभ करते हैं। गांव के बैगा भागवत कोमर्रा सहयोगी तामेश्वर मरकाम, ज्ञान सिग नागेश, फगनु राम ठाकुर आदि ने बताया कि जिस तरह हम लोग आज आधुनिक युग के चलते टैक्टर या हार्वेस्टर, थ्रेसर से धान की मिजाई करते हैं। मगर आज पुरानी परंपरा को निभाते हुए शीतला मंदिर में 2 या 3 काठा धान लेकर एक जगह रखा जाता है, और खम्हार लकड़ी से उस के बीच में रखकर रस्सी से पीपल पत्ता की बैल बनाकर उसी धान में सात बार घुमाकर धान की मिसाई का परंपरा को पूरा करते हैं। जिस तरह से हम लोग दौरी से धान का मिसाई करते हैं उसी तरह इस परंपरा को चैतराई जात्रा में निभाकर आज पुरानी परंपरा को संजो कर रखे हुए हैं। इस तरह अंचल के गांवों में अपने -अपने हिसाब से दिन तिथि के अनुसार मनाते हैं, कई गांवों में चैतराई जात्रा धूमधाम से मनाया जा चुका है।

# जनपद उपाध्यक्ष व पुलिस ने ग्रामीणों को सिखाया साइबर सुरक्षा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के ग्राम कैटपदर में आम नागरिकों एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को वर्तमान समय में बढ़ते अपराधों और सुरक्षा संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि अज्ञात कॉल, फर्जी लिंक, बैंकिंग धोखाधड़ी और ओटीपी साझा करने जैसी गलतियों से बचना बेहद जरूरी है। किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन गतिविधि की तुरंत पुलिस में शिकायत करने की सलाह दी गई। यातायात सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, तेज गति से वाहन न चलाना और नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने जैसे नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया। बताया गया कि लापरवाही ही सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती है।

### महिला एवं बाल सुरक्षा के कानूनों की दी जानकारी



कार्यक्रम में महिला एवं बालकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संदर्भ में लागू कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि ऐसे मामलों में सख्त कानून लागू हैं और पीड़ितों के लिए विभिन्न हेल्पलाइन सेवाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं और बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी फैजुल होदा साह ने कहा कि "सजग नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव होते हैं। साइबर अपराधों से बचने के लिए किसी भी अज्ञात व्यक्ति पर भरोसा न करें और अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचें। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे सीखी गई जानकारी को अपने परिवार और आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं।

## 593 दुकानों में राशन संकट किसान कांग्रेस ने साधा राज्य और केंद्र पर निशाना

**महासमुंद।** जिले में मार्च माह के दौरान सरकारी राशन वितरण में हुई भारी लापरवाही को लेकर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम की निष्क्रियता के कारण जिले के लाखों हितग्राही राशन से वंचित रह गए। साहू ने जारी बयान में कहा कि जिले की सैकड़ों राशन दुकानों में मार्च माह का अनाज पहुंचा ही नहीं। परिणामस्वरूप गरीब हितग्राही पूरे महीने खाली हाथ लौटते रहे और उन्हें उधार लेकर अपना जीवनयापन करना पड़ा। उन्होंने इसे व्यवस्था की असफलता और प्रशासन की संवेदनहीनता बताया। उन्होंने बताया कि जिले में 593 उचित मूल्य दुकानों का नेटवर्क है, लेकिन इनमें से सैकड़ों दुकानों तक राशन नहीं पहुंचा। वहीं लगभग 375 दुकानों में शक्कर की आपूर्ति भी नहीं हो सकी। इससे साफ है कि वितरण प्रणाली पूरी तरह चरमरा चुकी है।

# रोहाण शर्मा ओलंपियाड में सम्मानित





### सेंट जॉन्स स्कूल छुरा में यूकेजी का दीक्षांत समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में यूकेजी कक्षा का दीक्षांत समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों के जोश और अभिभावकों की खुशी से पूरा विद्यालय परिसर आनंदमय हो उठा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एन. के. स्वामी डीन आईएसबीएम विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ.कमलाकांत यादव प्राचार्य एकलव्य विद्यालय की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही पालक समिति सदस्य हेमलाल पटेल, नरेंद्र पटेल, युवराम सिंहा, प्रमोद साहूभी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्य महोदया द्वारा अतिथियों का स्वागत भाषण के द्वारा स्वागत किया गया।समारोह का मुख्य आकर्षण नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, वहीं यूकेजी के बच्चों ने राइम्स, गीत, कविता एवं छोटे-छोटे भाषणों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी मासूम प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का दिल जीत लिया। आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रोहाण शर्मा (जोनल में 9वीं रैंक) को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# राम के चरित्र को जीवन में आत्मसात करना ही वास्तविक राम भक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

पाण्डुका अंचल के ग्राम पंचायत रजनकटा, सरकड़ा और तर्रा मे 27 मार्च से 30 मार्च तक रामचरित मानस गान आयोजित किया गया। 27 मार्च कों रामचरित मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ मानस मंच पर स्थापित भगवान श्रीराम, माता सीता, हनुमान के चित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। ग्राम रजनकटा में पहले और दूसरे दिन नौ- नौ मानस मंडलीयों ने अपनी-अपनी सुंदर प्रस्तुति देते हुए मानस गान प्रारंभ किया। इस मानस सम्मेलन में आसपास के ग्राम के सैकड़ों लोग पहुंचे सभी लोगों के लिए प्रतिदिन प्रसादी भंडारे की व्यवस्था ग्रामवासियों द्वारा की गई थी। कार्यक्रम के पहले दिन प्रथम मंडली श्री कृष्ण कला परिषद लीला मंडली ग्राम सरकड़ा ने अपनी प्रस्तुति दी, प्रसिद्ध मानस मंडलीयों ने श्री रामचरित मानसगान किया।

मानसगान के शुभ अवसर पर अलग-अलग मण्डलियों के व्याख्याकार ने कहा कि राम के चरित्र को जीवन में आत्मसात करना ही सच्ची राम भक्ति है भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म से लेकर उनका पूरा जीवन माता पिता गुरुओं, बड़ों का सम्मान शालीनता सरलता सहजता में समर्पित रहा मानस गान सम्मेलन के अंतिम दिवस पर समापन समर्पण मानस मंडली धरमपुरा (रायपुर) की मंडली ने बहुत ही जबदस्त प्रस्तुति देते हुए सभी का मन मोह लिया जिससे उत्तसाहित होकर पूरे ग्रामवासी झूम -झूमकर नाचने लगे। सभी मानस मंडलीयों ने श्री् प्रभु राम कै चरित्र एवं आदर्श के बारे में वर्णन किया गया और कहां कि हम सभी यदि श्री रामचंद्र भगवान के एक गुण को भी धारण करेंगे तो हमारा जीवन सार्थक हो जाएगा। भगवान राम हमारे आदर्श हैं उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन को कृतार्थ एवं सुखमय बना सकते हैं अपनी जीवन शैली से पूरी मानव समाज को प्रेम त्याग सहनशीलता और सदाचारी जीवन जीने का संदेश देता है भगवान राम के नाम का स्मरण करने मात्र से ही जीवन सफल हो जाता है रामायण पवित्र ग्रंथ एवं अमृत कथा है जो भगवान राम द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने व जीवन जीने की प्रेरणा देती है। रामचरित मानस गान कार्यक्रम का समापन 30 मार्च कों रात्रि 2 बजे समापन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



### समापन समारोह में पहुंचे दिग्गज

समापन समारोह में अतिथिगण श्री अनिल चंद्राकर जी जिला अध्यक्ष भाजपा गरियाबंद, शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला गरियाबंद, दुलारी साहू जनपद सदस्य छुरा, आशीष शर्मा जिला महामंत्री भाजपा गरियाबंद, सुमित पारख अध्यक्ष भाजपा मंडल गरियाबंद, रिकेश साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल राजिम, टीकम साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा गरियाबंद, पंकज निर्मलकर सदस्य जनपद पंचायत छुरा, दशरथ निषाद अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राजिम, लतेश साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सरकडा, रामचंद्र निषाद अध्यक्ष ग्रामीण निषाद समाज सरकड़ा, जनक राम कंवर अध्यक्ष ग्रामीण कंवर समाज सरकड़ा एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। मण्डली का संयोजक सुरेश शर्मा जी थे एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम के समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

# छात्र की मौत मामले पर अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा मे एक आदिवासी छात्र राघव मंडावी की समय पर इलाज नहीं करवाने के कारण दर्दनाक मौत हो गया था। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मैनपुर में उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन करने के बाद 19 फरवरी को नेशनल हाइवे 130 सी में तीन घंटे चक्काजाम कर दिया गया था तब आदिवासी सहायक आयुक्त एवं जिले के उच्च अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने वाले आश्रम अधीक्षक राकेश साहू को तत्काल निलंबित कर गरियाबंद कार्यालय में अटेच कर दिया गया साथ ही मंडल संयोजक दुर्गाप्रसाद यादव को मंडल संयोजक पद से हटा दिया गया और चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था कि 20 दिनों के भीतर विभागीय जॉच कर इस मामले में कार्यवाही किया जायेगा लेकिन अब तक अधीक्षक राकेश साहू पर कार्यवाही नहीं की गई साथ ही दुर्गाप्रसाद यादव को अधीक्षक पद से नहीं हटाया गया जिससे नराज ग्रामीणों ने एक बार फिर रैली निकालकर आज एसडीएम कार्यालय मैनपुर का घेराव कर दिए और तत्काल कार्यवाही की मांग किया है। कार्यवाही नहीं किए जाने पर आगामी 06 अप्रैल को नेशनल हाइवे 130 सी में बुढ़ादेव मंदिर मैनपुरकला के पास सुबह 11 बजे से चक्काजाम करने की चेतावनी दिया है। जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, आदिवासी नेता टीकमसिंह कपिल, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, खेदु नेगी, नैनसिंग नेताम, जनपद सदस्य प्रतापसिंह मरकाम, देवकुमार ध्रुव, रविसिंह नेगी, ओंकार नेताम, गौतम कुमार, हेमसिंह नेताम, दुलेन्द्र नेगी, मोहन ध्रुव एवं ज्ञापन सौपने पहुंचे।



### ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी



## खबर संक्षेप

### जल, जंगल व जमीन के बिना अधूरा है जीवन का अस्तित्व

**छुईहा बेलर।** मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में जल, जंगल और जमीन का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इनके बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है।



इसी संदर्भ में समाजसेवी एवं राज्यपाल पुरस्कृत खोमन गुरुजी ने जनमानस से इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए जागरूक होने का आह्वान किया। खोमन गुरुजी ने कहा कि जल जीवन का आधार है, जंगल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं और जमीन हमारे अस्तित्व का आधार है। यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अंधाधुंध दोहन, वनों की कटाई और जल स्रोतों के प्रदूषण के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप जल संकट, जलवायु परिवर्तन और भूमि क्षरण जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

### अभनपुर के फील्ड ट्रेनर्स ने सीखी जनगणना की बुनियादी बातें

**अभनपुर।** जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत रायपुर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभागार में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अभनपुर के फील्ड ट्रेनर्स की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा घरों की पहचान, परिवार विवरण संकलन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग एवं डेटा की शुद्धता पर प्रशिक्षण दिया गया। अभनपुर के फील्ड ट्रेनर हेमन्त कुमार साहू ने रोलप्ले के माध्यम से प्रगणक की भूमिका का प्रभावी प्रदर्शन किया, जो प्रशिक्षण का आकर्षण रहा। वहीं अधिकारियों ने बताया कि जनगणना की सफलता फील्ड स्तर के कर्मचारियों की दक्षता पर निर्भर करती है।सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए जनगणना 2027 को जिम्मेदारीपूर्वक सफल बनाने का संकल्प लिया।

### सहसपुर खरीदी केंद्र में धान का उठाव शुरू



**कोपरा।** गौरतलब होगा कि मंगलवार को क्षेत्र के धान धान संग्रहण केंद्र सहसपुर में चूहा नेवले और दिमाग की खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशन किया था जिस पर लाखों करोड़ों रुपए के धान मंडी में नुकसान हो रहा था जिस पर हरिभूमि ने खबर प्रकाशन किया था। खबर प्रकाशन के चार घंटे के अंदर धान उपार्जन केंद्र सहसपुर में विभाग की तरफ से चार ट्रक धान उठाव के लिए पहुंचा।

**लोकार्पण : विधायक ने निमोरा को दी 2.50 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात**

# गांवों का सुदृढ़ीकरण ही है प्रदेश की प्रगति का आधार : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम निमोरा में विकास की नई इबारत लिखी गई है। क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में 2 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ने ग्राम की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कई नई घोषणाएं भी कीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तेली तालाब से ग्रामीण संस्थान तक बनने वाली सड़क रही। विधायक ने इसके लिए 160 लाख (1.60 करोड़) रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे मूलभूत कार्यों के लिए बजट की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम में सूरज साहू, लुकेश साहू, प्रेमलाल साहू, दौलत राम साहू, चिंताराम साहू और रामचंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिन्होंने इन विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।



### सामुदायिक भवनों और आंगनबाड़ियों का कायाकल्प

ग्राम के सामाजिक और शैक्षणिक विकास को गति देते हुए विधायक ने पूर्व में पूर्ण हो चुके कार्यों का जनता को समर्पण किया। आंगनबाड़ी भवन-1 का निर्माण (11.79 लाख), आंगनबाड़ी-2 की मरम्मत (2 लाख) और आंगनबाड़ी-4 का जीर्णोद्धार (1.50 लाख)। 23 लाख रुपये की लागत से निर्मित महतारी सदन का लोकार्पण।
विभिन्न समाज के लिए भवनों का निर्माण यादव समाज (5 लाख), ढीमर समाज (5 लाख) और ध्रुव समाज (4 लाख)। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू एवं सभापति चंचल राजा दीवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभापति हेमलता चन्द्राकर, जनपद सदस्य सरिता साहू, मंडल अध्यक्ष भरत बैस और सरपंच अरुण साहू सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर जोर

विधायक श्री साहू ने ग्राम निमोरा के लिए लगभग 31 लाख रुपये के नए कार्यों को हरी झंडी दिखाई, जिनमें शामिल हैं। सीसी रोड निर्माण 9.28 लाख रुपए। खुले नाली में ढक्कन सहित नाली निर्माण (5.79 लाख) और शाला में अतिरिक्त निर्माण कार्य (10 लाख)। पूर्व माध्यमिक शाला के शेड के नीचे पेवर ब्लॉक (4 लाख) तथा हाई स्कूल में रंगमंच सह पेवर ब्लॉक निर्माण (6 लाख)।



## पुलिस का जागरूकता अभियान तेज गांव-गांव पहुंचकर युवाओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कप्तान के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी और बीट आरक्षक गांवों व मोहल्लों में पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने अपने-अपने बीट क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया और युवाओं सहित आम नागरिकों को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान बेरोजगार युवक-युवतियों का डेटा भी एकत्रित किया जा रहा है, ताकि उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर भविष्य में कौशल विकास योजनाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सके। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस ने ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से जागरूक किया। थाना प्रभारियों ने समझाइश दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी या आधार नंबर साझा न करें। साथ ही प्रलोभन देने वाले लिंक और फर्जी कॉल से सावधान रहने की अपील की गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर तुरंत संपर्क करने को कहा गया।

**नशा मुक्ति और यातायात नियमों पर भी जागरूकता-** अभियान के दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव और इसके कानूनी परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस ने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। इसके साथ ही यातायात नियमों के पालन, हेलमेट पहनने और तेज गति से वाहन न चलाने की समझाइश दी गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पुलिस कप्तान ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दें। पुलिस हर समय आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। जिले में यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे एक सुरक्षित, जागरूक और अपराध मुक्त समाज का निर्माण किया जा रहा है।

## गोविंद को मिली मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम



राजिम रेस्ट हाऊस में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल की मौजूदगी में कांग्रेसजनो की एक बैठक हुई जिसमें गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू,लालचंद मेघवानी,सुनील तिवारी,प्रहलाद गंधर्व, कमलेश यदु,सुमित्रा निराला,विकास तिवारी,डेकेश्वर ठाकुर, गिरीश रजानी,मुन्ना सोनकर,कुलेश्वर साहू,रामनारायण साहू,भवानी साहू,जुगू ठाकुर,प्रकाश धीवर, रामकुमार साहू,साधु निषाद ,विश्वजीत ठाकुर,देवेंद्र साहू सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेसजनो ने श्री शुक्ल एवं जिला अध्यक्ष श्री बेसरा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान राजिम मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सर्वसम्मति से गोविंद कहार को दिया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के नेतृत्व में राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास और जनकल्याण के अनेक कार्य हुए हैं, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिला है। कहा कि कार्यकर्ताओं में श्री शुक्ल जी के प्रति अपार सम्मान और उत्साह है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि अमितेश भैया ने हर वर्ग के हित में कार्य करते हुए पूरे विधानसभा को विकास की नई दिशा दी है। कार्यक्रम के दौरान भारत धीवर ,संजय साहू ,अमन कहार,जितेंद्र साहू,रूपेश साहू, हेमेंद्र साहू, राहुल पटेल, पूनम पटेल, हुलेश साहू, महेश साहू,संजू सोनकर, ठाकुर राम साहू को कांग्रेस में शामिल होना बताया गया हैं।

## पिपरहट्टा में धूमधाम से मनाई गई कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)



ग्रामीण साहू समाज पिपरहट्टा के तत्वावधान में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल कर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाज के वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत कृषि सभापति श्री लेखराज ध्रुवा रहे। वहीं प्रमुख अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्री विष्णु राम नागेश उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज के वरिष्ठ श्री मिलाप राम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश तिरधारी, खेमिन बाई साहू (उपसरपंच पिपरहट्टा) उपस्थित रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व न्याय सदस्य एवं पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष सोरिद बालाराम साहू तथा तहसील साहू संघ फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू शामिल हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में यादराम साहू, रूपेश साहू, धनीराम साहू, संतोष कुमार साहू, जंयतराम साहू, निजाम साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री लेखराज ध्रुवा ने कहा कि साहू समाज एक बड़ा और संगठित समाज है, जहां एकता और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है, जिससे अन्य समाज भी प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने सभी समाजजनों को कर्मा जयंती की बधाई देते हुए ग्राम में रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं प्रमुख अतिथि श्री विष्णु राम नागेश ने टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज पिपरहट्टा द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष महेश राम साहू, संरक्षक जगत राम साहू, टिकम साहू, घनश्याम साहू, रामचंद्र साहू, भुवन साहू, प्रभु राम साहू, धनीराम साहू, ढोलू साहू, योगेश कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। ग्राम विकास समिति के दाल सिंह सोनकर एवं भारत साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामधुनि मानस गान तथा छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। रात्रिकालीन कार्यक्रम में रंग सागर छत्तीसगढ़ी नाचा (सरायपाली-चरौदा) की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री पालेन्द्र साहू द्वारा किया गया।



## इंद्रकुमार साहू ने रामायण प्रतियोगिता में की शिरकत

**नवापारा-राजिम।** ग्राम तर्री, चिपरीडीह, सुंदरकेरा, टीला, पहंदा में इन दिनों संगीतमय रामायण प्रतियोगिता का कार्यक्रम धूमधाम से हो रहा है। हरेक गांव के आयोजन में विधायक इन्द्रकुमार साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, चम्पारण मण्डल अध्यक्ष तोषण साहू, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, महिला मोर्चा के अध्यक्ष धनमती साहू, युवा मोर्चा महामंत्री राजू रजक, निर्मल साहू, बलराम साहू शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने भगवान श्रीरामचंद्रजी की पूजा अर्चना कर समूचे क्षेत्र के सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना किया।

## जनपद अध्यक्ष इंद्राणी ने किया लाखों के कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बिजली में मंगलवार का दिन विकास और जनकल्याण की उज्ज्वल गाथा का साक्षी बना, जब लोकार्पण एवं भूमिपूजन के विविध कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण उन्नति की नई इबारत लिखी गई। यह आयोजन न केवल योजनाओं के शुभारंभ का अवसर था, बल्कि जनप्रतिनिधियों के समर्पण और सेवा भाव का भी जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू रहीं, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में रूपसिंग साहू समाजिक व भाजपा नेता, भुनेश्वर साहू पूर्व साहू समाज प्रदेश उपाध्यक्ष, नंदू यादव सभापति जनपद, लाला साहूअध्यक्ष राभमस, खोमन साहू अध्यक्ष साहू समाज, हरीश साहू अध्यक्ष सरपंच संघ एवं सरपंच मोती निषाद सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर बजरंग चौक में भूमि पूजन, डस्टबिन वितरण, टिनाशेड निर्माण (5 लाख), पंचायत भवन में वाटर कूलर (50 हजार), बाबा कुटी आश्रम हेतु 1 लाख तथा स्वच्छता के लिए 1 लाख के डस्टबिन वितरण जैसे जनोपयोगी कार्यों का शुभारंभ किया गया। ये सभी प्रयास ग्राम्य जीवन को अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि इंद्राणी नेहरू साहू ने प्रदेश के यशस्वी नेतृत्व और राजिम विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज विकास की धारा गांव-गांव तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु संचालित योजनाएं समाज के हर वर्ग को सशक्त बना रही हैं। हितग्राही मूलक योजनाओं को प्राथमिकता देकर आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा रहा है।

### राजिम क्षेत्र में 3 हजार करोड़ के कार्य प्रगति पर



विधायक रोहित साहू के प्रयासों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगभग 3 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं, जो इस क्षेत्र को नई पहचान दे रहे हैं। बीते दो वर्षों में राजिम क्षेत्र ने विकास के अनेक आयामों को छुआ है और यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। उनकी कर्मठता और दूरदृष्टि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने एक स्वर में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल योजनाओं का शुभारंभ था, बल्कि सामूहिक प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रतीक भी रहा।

**सिर्रीकला में गूंजा गायत्री महायज्ञ का मंत्र**

# मनुष्य सकारात्मक चिंतन के बल पर चुनौतियों को जीत सकता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

ग्राम सिर्रीकला में आयोजित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में दूसरे दिन ग्रामवासियों ने 1001 दीप जलाकर सबके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए माता गायत्री से प्रार्थना किए।युग पुरोहित परमानंद ने पावन प्रज्ञा पुराण की कथा में उन्होंने कहा कि आज के युग की समस्या को देखते हुए परम पूज्य गुरुदेव ने उसके समाधान के लिए पावन प्रज्ञा पुराण की कथा 19वें पुराण लिखे है। प्रज्ञा पुराण में कलयुग में प्रज्ञा अवतार भगवान का अवतार हुआ है। प्रज्ञा यानी मेधा सद्बुद्धि के द्वारा आज के मनुष्यों के समस्याओं का समाधान होता है।डॉ दिलीप साहू जनपद सभापति ने कहा कि गायत्री परिवार का बहुत अच्छा प्रयास है पूज्य गुरुदेव का एक नारा ह। हम बदलेंगे युग बदलेगा।चिंतन करके देखिए हम अपने आप को यदि बदल लेते हैं तो यह पूरा युग जरूर बदलेगा। इसके साथ ही उज्वल भविष्य की कामना भी करता हूं। यज्ञ के साथ संस्कार का बड़ा महत्व है।आध्यात्मिक कार्यक्रम में जो बातें बताई जाती है वह मानव कल्याण के लिए ही होता है। मानव को सही दिशा में लाने के लिए यह सत्संग किया जाता है। बिना पतवार के नैया पार नहीं होती। उसी प्रकार बिना गुरु के जीवन का उद्धार नहीं होता। रामू राम साहू वरिष्ठ गायत्री परिजन ने कहा मै भी गायत्री परिवार से जुड़ा हुआ हूं। इस वर्ष को जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जो की परम वंदनीय माताजी का जन्म शताब्दी है।





### प्रज्ञा पुराण, कलयुग की समस्याओं का समाधान

गायत्री परिवार का उद्धेश्य व्यापक है व्यक्ति निर्माण परिवार निर्माण और समाज निर्माण उसके साथ चरित्र निर्माण की बातें यहां पर होती है। जो कि हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है पूज्य गुरुदेव ने 3200 साहित्य लिखे हैं उनको पढ़ करके लोगों को नहीं दिशा मिलती है। इसके साथ ही हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए।अर्चना साहू पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें गायत्री महायज्ञ में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है।गायत्री परिवार का मतलब ही संस्कारी परिवार होता है। हमारे गांव पसौद में भी इस प्रकार से आयोजन को ऐसा हम लोग भी प्रयास करेंगे। सभी अतिथियों का सरपंच कोमन ध्रुव, मदन साहू एवं मया राम साहू द्वारा श्रीफल और देवस्थापना चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष साहू ट्रस्टी ने किया। ग्राम वासियों में रेखू साहू, पिलूराम साहू, कृष्णा कुमार साहू, नानीक साहू, दीपकराज, गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर से एच एल साहू चिंता राम साहू, जगदीश साहू, घनाराम साहू, जमुना, दिनेश साहू, शोभना साहू, डामीन, कमला दलवानी, पूर्णिमा यादव, टोपेश्वरी सिन्हा, खेदिया यादव, दीप्ति साहू, हर्षवर्धन सिन्हा, लोकेश, पुरन, तारण यादव, गीतांजलि साहू गोकुल ध्रुव उपस्थित रहे।

